भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

08.12.2023 के

तारांकित प्रश्न सं. 62 का उत्तर

कोविड पश्चात अवधि के दौरान रेलगाड़ियों के ठहराव को समाप्त किया जाना

***62. श्री राम नाथ ठाकुर:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोविड पश्चात अवधि के दौरान पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत कितने रेलवे स्टेशनों पर कतिपय रेलगाड़ियों के ठहराव (स्टॉपेज) को समाप्त कर दिया गया था और ऐसी रेलगाड़ियों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) कोविड पूर्व अवधि के दौरान पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर रुकने वाली रेलगाड़ियों की संख्या कितनी थी;

(ग) वर्तमान में कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर रुकने वाली रेलगाड़ियों की संख्या कितनी है;

(घ) इस स्टेशन पर ऐसी रेलगाड़ियों के ठहराव को फिर से शुरू करने के संबंध में सरकार की क्या नीति है; और

(ड.) रेलगाड़ियों का ठहराव समाप्त होने से यात्रियों को होने वाले लाभों और असुविधा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ड.): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

कोविड पश्चात अवधि के दौरान रेलगाड़ियों के ठहराव को समाप्त किए जाने के संबंध में दिनांक 08.12.2023 को राज्य सभा में श्री राम नाथ ठाकुर के तारांकित प्रश्न सं. 62 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित **विवरण**

(क) से (ङ): कोविड-19 विश्वमारी के फैलाव को सीमित करने के उद्देश्य से, भारतीय रेल द्वारा 23 मार्च 2020 से सभी नियमित यात्री रेलगाड़ियों को बंद कर दिया गया था और केवल स्पेशल रेलगाड़ी सेवाएं चलाई जा रही थीं। नवंबर-2021 से मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ी सेवाओं को युक्तिसंगत समय-सारणी के अनुसार और उनकी नियमित रेलगाड़ी संख्याओं के साथ चलाया जा रहा है। भारतीय रेल ने अन्य बातों के साथ-साथ अनुरक्षण गलियारे ब्लॉक के सृजन करके बेहतर यात्री संरक्षा उपलब्ध कराने, मौजूदा समय-सारणी में विरोधाभासों का न्यूनीकरण करने आदि के लिए आईआईटी-मुबंई की सहायता से समय-सारणी को युक्तिसंगत बनाया है। इस प्रक्रिया में ठहरावों का युक्तिकरण करना भी शामिल था। इस समय कर्पूरी ग्राम रेलवे स्टेशन पर 08 रेलगाड़ी सेवाएं (02 मेल/एक्सप्रेस और 06 पैसेंजर स्पेशल रेलगाड़ी सेवाएं) उपलब्ध हैं, जिन्हें यातायात के मौजूदा स्तर के लिए पर्याप्त समझा जाता है। इसके अलावा, भारतीय रेल में ठहरावों को बहाल करने सहित रेलगाड़ी सेवाओं के ठहरावों की व्यवस्था करना एक सतत प्रक्रिया है, जो कि परिचालनिक व्यावहारिकता और वाणिज्यिक औचित्य के अध्यधीन है।

*****